कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 30 मिनट **पूर्णांक : 25**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उपयुक्त शब्द का प्रयोग कीजिए– **½×8=4**

(*i*) जिसे काटना संभव न हो ....
(*ii*) जो विकारों से रहित हो ....
(*iii*) जो कानून की नज़र में वैध न हो ....
(*iv*) कम बोलने वाला ....
(*v*) इस लोक से संबंधित ....
(*vi*) जो इंद्रियों से परे हो ....
(*vii*) अतिथि का सत्कार ....
(*viii*) दूसरे के उपकार को मानने वाला ....

2. वाक्यांशों के लिए एक शब्द के प्रयोग के क्या लाभ हैं? उदाहरण देकर समझाइए। **3**

....
....
....
....

3. निम्नलिखित शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश लिखिए– **1×5=5**

(*i*) निरुत्तर ....
(*ii*) प्रत्यक्ष ....
(*iii*) शत्रुघ्न ....
(*iv*) समदर्शी ....
(*v*) अकर्मण्य ....

4. दिए गए वाक्यांशों के लिए उपयुक्त शब्द चुनिए– **1×5=5**

(*i*) एक दूसरे से संबंधित

(क) सह-संबंधी (ख) रिश्तेदार (ग) सापेक्ष (घ) तीनों उत्तर गलत

(*ii*) शत्रुओं का विनाश करने वाला

(क) योद्धा (ख) लड़ाका (ग) शत्रु-रिपु (घ) शत्रुघ्न

(*iii*) जिसका संसार के प्रति राग न हो

(क) संन्यासी (ख) वीतरागी (ग) फ़कीर (घ) वैरागी

(*iv*) 50 वर्ष पूरा होने पर मनाई जाने वाली जयंती

(क) रजत जयंती (ख) स्वर्ण जयंती (ग) हीरक जयंती (घ) तीनों उत्तर गलत

(*v*) जिस वस्तु के आर-पार देखा जा सकता हो

(क) छिद्रान्वेषी (ख) त्रिकालदर्शी (ग) अपारदर्शी (घ) पारदर्शी

5. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उपयुक्त शब्द का प्रयोग कीजिए– **½×6=3**

(*i*) किसी के पीछे चलने वाला ....

(*ii*) जो एक-दूसरे पर आश्रित हो ....

(*iii*) अपनी प्रशंसा स्वयं करने वाला ....

(*iv*) जो इंद्रियों से परे हो ....

(*v*) जिसका भेद करना कठिन हो ....

(*vi*) जो उत्तर दे पाने में असमर्थ हो ....

6. दिए गए शब्दों के लिए उपयुक्त वाक्यांश चुनिए– **1×5=5**

(*i*) अकर्मण्य

(क) जो कर्म न करता हो (ख) जो किसी को कर्म न करने देता हो

(ग) जो कर्म करने वालों को पसंद न करता हो (घ) जो कर्म करना पसंद करता हो

(*ii*) अकाट्य

(क) जिसमें काँटें न हों (ख) जिसे काटना संभव न हो

(ग) जो काटता हो (घ) तीनों उत्तर ग़लत

(*iii*) अगोचर

(क) जिसे दिखाई न देता हो (ख) जो इंद्रियों की सीमा से परे हो

(ग) जो गाय न चराता हो (घ) जहाँ गाय न चरती हों

(*iv*) अनभिज्ञ

(क) जो अपरिचित हो (ख) जो अपनी जानकारी न देता हो

(ग) जिसे किसी बात की जानकारी न हो (घ) जिसे किसी बात की समझ न हो

(*v*) अवैतनिक

(क) जो लोगों को वेतन न देता हो (ख) जो स्वयं वेतन न लेता हो

(ग) जो बिना वेतन के काम करता हो (घ) जो वेतन लेकर भी काम न करता हो

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....